## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–31.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग से मांगी तीन लाख तीन हजार करोड़ रुपये की विशेष आर्थिक सहायता, केन्द्रीय करों में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का भी किया आग्रह।
- जैक आज दिन के साढ़े ग्यारह बजे जारी करेगा इंटर साइंस और कॉमर्स का परीक्षा परिणाम, विद्यार्थी दोपहर साढ़े बारह बजे से जैक की साइट और डिजिलॉकर में देख सकेंगे अपना रिजल्ट।
- पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण मुठभेड़, आइइडी विस्फोट में कोबरा का एक जवान घायल।
- राज्य में 2 जून तक बारिश और वज्रपात का अलर्ट, आकाशीय बिजली गिरने से आठ लोगों की मौत।
- 25वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रांची को मिला दूसरा स्थान, 10 स्वर्ण समेत 16 पदकों पर जमाया कब्जा।

****************

राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग से राज्य के विकास के लिए 3 लाख 3 हजार 527 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मांगी है। वित्त आयोग और सरकार के प्रतिनिधियों के बीच रांची में हुई बैठक के बाद मंत्री सुदीव्य कुमार ने बताया कि यह राशि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने और आर्थिक–सामाजिक परिदृश्य को बदलने के लिए आवश्यक है।

बैठक के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग भी रखी।

****************

इस बीच 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कहा है कि झारखंड में नगर निकाय चुनाव नहीं होने के कारण 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अनुदान राज्य को नहीं मिल रहा है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अनुदान लेने के लिए राज्य में इसी साल नगर निकाय चुनाव संपन्न कराना आवश्यक है।

****************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक इंटर साइंस और कॉमर्स का परीक्षा परिणाम आज जारी करेगा। जैक सभागार में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह दिन के साढ़े ग्यारह बजे रिजल्ट जारी करेंगे। विद्यार्थी दोपहर साढ़े बारह बजे से जैक की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर के माध्यम से अपने परिणाम देख सकेंगे।

****************

राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या छह तक पहुंच गयी है। राजधानी रांची में मिले चार संक्रमितों के बाद जमशेदपुर में भी दो पॉजिटिव मरीज मिले हैं। इस बीच स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों को एडवायजरी जारी की है। उन्होंने सैंपलों को रिम्स भेज जीनोम सिक्वेंसिंग कराने का भी निर्देश दिया है। आज राज्य के सभी जिलों में ऑक्सीजन इंफ्रास्ट्रक्चर की मॉक ड्रिल की जायेगी।

****************

माओवादियों के विरुद्ध अभियान के दौरान पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थानान्तर्गत वनग्राम तिरिलपोसी के आस–पास जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के क्रम में सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाते हुए भाग खड़े हुए। इस दौरान माओवादियों द्वारा आइइडी विस्फोट की चपेट में आने से कोबरा जवान सुनील कुमार टीएस घायल हो गये। उन्हें अस्पतला में भर्ती कराया गया है। भुठभेड़ के बाद सर्च अभियान के दौरान विस्फोटक , वर्दी और नक्सलियों द्वारा दैनिक उपयोग में लायी जाने वाले सामग्री बरामद की गयी है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

रक्षा राज्य मंत्री और सांसद संजय सेठ ने रांची के विकास की प्रतिबद्धता जतायी है। श्री सेठ ने कहा है कि रांची में उन्होंने कई केन्द्रीय योजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि रांची को देश में नंबर वन बनाना उनकी प्राथमिकता है।

****************

साहित्य अकादमी ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में साहित्य में बदलाव विषय पर दो दिवसीय साहित्यिक सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का उदघाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया। सम्मेलन में वरिष्ठ लेखिका और राज्यसभा सदस्य डा. महुआ माजी ने भी भाग लिया और साहित्यिक सत्र में महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

****************

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। आज के दिन तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न की जाती है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू के उपयोग को समाप्त करने के लिए एक वैश्विक पहल है।

****************

मौसम विभाग ने दो जून तक राज्य में बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इससे पहले कल रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस दौरान वज्रपात की चपेट में आने से राज्य में आठ लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में पलामू के चार, रामगढ़, लोहरदगा, गिरिडीह और चतरा के एक–एक लोग शामिल हैं।

****************

25वीं झारखंड राज्य सब जूनियर और जूनियर बालक–बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रांची जिले की टीम को दूसरा स्थान मिला है। धनबाद में आयोजित इस प्रतियोगिता में रांची की टीम ने 10 स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक जीते। रांची के 31 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था।

****************

रांची के गुरुनानक हाइयर सेकेन्ड्री स्कूल में तीन दिवसीय चेस प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में चार विजयी प्रतिभागियों को स्टेट चौंपियनशिप में खेलने का अवसर मिलेगा।

****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने 16वें वित्त आयोग की राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– झारखंड के डाकघरों में तीस लाख 45 हजार साइलेंट खातों में पड़े हैं 30 करोड़, इन्हें एक्टिव करने के लिए घर–घर पहुंच रहे हैं डाककर्मी।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–प्लेसमेंट एजेंसी चयन के आधार से जुड़े प्रश्न टालते रहे विनय चौबे।

प्रभात खबर ने लिखा है–विधायक श्वेता सिंह के पैन की जांच करेगा आयकर विभाग।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है–दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जायेगा।

********************